उत्तर रेलवे

कार्यालय वरि. म. वि. अभि./परि./दिल्ली
Email: srdeersodli@gmail.com

मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय
स्टेट एंट्री रोड, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली

No. 230/Elect/RSO/Safety Drive /2024 दिनाँक: 09.09.2024

सभी मुख्य लोको निरीक्षक,

समस्त वरिष्ठ चालक दल नियंत्रक/ लॉबी,

जाखल, जींद, रोहतक, शकूरबस्ती, दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली, आनंद विहार, नया खुर्जा गाजियाबाद, मेरठ शहर, पानीपत, नई दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, तुगलकाबाद, पलवल, गढ़ी हरसरु

## संरक्षा अभियान-RSO SD-29/2024

**विषय: सुरक्षित शंटिंग परिचालन ।**

संदर्भ: As per CRB safety VC points

उपरोक्त दिये गए विषय के अनुसार, सभी मुख्य लोको निरीक्षको को निर्देश दिये जाते है की वह अपने नामित व गैर नामित लोको पायलट शंटर को गहनता से निम्न दिये गए बिन्दुओ पर काउंसेल करे ।

- शंटिंग लोको का चार्ज लेने के पश्चात मोबाइल को स्विच ऑफ करके बैग में रख दे ।
- शंटिंग के दौरान सदैव अगली कैब/सही कंट्रोल स्टैंड से ही लोको/मल्टिपल लोको/ ई.एम.यू. चलायें। पिछली कैब/गलत कंट्रोल स्टैंड से कभी भी लोको/मल्टिपल लोको/ ई.एम.यू. का परिचालन न करें।
- शंटिंग कार्य, शंटिंग सुपरवाइजर/स्टाफ की देखरेख में ही किया जायेगा और उनके हाथ सिगनल का कढ़ाई से पालन करेंगे। शंटिंग कार्य के दौरान, वाकी-टाकी/ मोबाइल सेट पर कोई निर्देश नहीं दिया जायेगा।
- स्टेशन यार्ड/ इंटरलॉक्ड यार्ड में शटिंग कार्य करते समय शंटिंग कर्मचारी / प्वाइंट्समैन की इंजन पर उपस्थिति सुनिश्चित करें।
- किसी भी फेसिंग प्वाइंट व ट्रेलिंग प्वाइंट को पास करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि कांटा पूरी तरह से सेट है तथा कॉटर बोल्ट एवं पिन लगे हुए हैं। यदि प्वाइंट्स मैन उपलब्ध है तो सुनिश्चित करें कि उसने कांटा सेट कर दिया है तथा कॉटर बोल्ट एवं पिन लगा दिया है।
- यह सुनिश्चित करें कि आगे फाउलिंग मार्क तक पूरा ट्रैक साफ है तथा ट्रैक बगल की लाइन पर खड़े अथवा चल रहे किसी लोकोमोटिव इत्यादि से अवरोधित नहीं है।
- कोई भी लोको पायलट शंटिंग के दौरान मोबाइल फोन से पावर कॅबिन के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा। इंजन पर उपस्थित शंटिंग कर्मचारी/ प्वाइंट्समैन ही पावर केबिन/ स्टेशन मास्टर से बात करेगा तथा पावर केबिन से प्राप्त निर्देश लोको पायलट को बतायेगा, लोको पायलट उसके निर्देशानुसार ही कार्य करेगा।
- आउटपिट/लोको शेड में शटिंग की गति किसी भी दशा में 5 किमी प्रति घंटा से अधिक न हो पाये।
- EOT करते समय 20 मीटर पहले लोको को खड़ा करे, coupling जोड़ते समय इंजिन को 2-3 KMPH स्पीड पर जोड़े तथा खींच कर coupling का सही प्रकार से लगा होना सुनिश्चित करे ।
- शंटिंग के सभी नियमो का पालन करे व हमेशा निर्धारित गति से ही शंटिंग करे ।
- हैंड पॉइंट पर चलते समय या बिना शंट सिग्नल डाउन के चलते समय पॉइंट का सेट व लोक होना सुनिश्चित करे ।
- रेक के साथ शंटिंग करते समय हमेशा 5-6 गाड़ियो का प्रैशर बनाये ।

- किसी भी हालत में पॉइंट को trail through न करे। यदि ट्राइल थ्रू हो जाता है तो लोको को तुरंत रोक दे व इसकी सूचना कंट्रोल/**CC** को तुरंत दे, ताकि derailment को बचाया जा सके।
- गाड़ी को बैक करते समय हमेशा लाइन capacity का ध्यान रखे तथा कितना लोड बैक कर रहे है यह भी जानकारी रखे ताकि पीछे डैड स्टॉप से पहले गाड़ी को रोका जा सके।
- डीजल engine में लॉन्ग हूड साइड कार्य करते समय सिग्नल एवम पॉइंट्स सही तरीके से नज़र नही आते है, इसके लिए पॉइंट्स मैन को फूट बोर्ड पर depute करे ताकि पॉइंट्स का सेट होना व सिग्नल का डाउन होना सुनिश्चित हो सके।
- लर्निंग रोड करते समय सभी सिग्नल, पॉइंट्स व यार्ड लेआउट का diagram अवश्य बनाये जिससे यार्ड के बारे में सुरक्षित ट्रेन संचालन हो सके।
- ड्यूटि के दौरान मिलने वाली सभी abnormalities को नोट करे तथा साइन ऑफ के समय KIOSK या चालक दल app से CMS में abnormality को फीड करे।
- कभी भी लोको को unmanned न छोड़े।
- सहायक नियम 3.68/5 के अनुसार जहां शंट सिगमल की व्यवस्था हो वहां शंटिंग संचालन के लिए उसका प्रयोग किया जायेगा, बशर्ते कि, वह खराब हालत में न हो। लोको पायलट शंट सिंगनल से गुजरने से पहले यह सुनिश्चित करेगा कि यह 'ऑफ' स्थिति में है। यदि शंट सिगनल खराब है तो उसके बारे में लोको पायलट को सूचित किया जायेगा और शंटिंग कर्मचारी / सुपरवाइजर पावर केविन से बात करने के बाद ही रूट सेट होने की तसल्ली करेगा। ऐसी स्थिति में लोको पायलट शटिंग कार्य के इंचार्ज कर्मचारी द्वारा दिखाए गए हैण्ड सिगलन के अनुसार कार्य करेगा।

सभी वरिष्ठ क्रू कंट्रोलर/मुख्य लोको निरीक्षक तुरंत प्रभाव से 07.09.2024 से 21.09.2024 तक एक संरक्षा अभियान चलाये और अपने सभी नामित व गैर नामित लोको पायलट शंटर को गहनता से काउंसेल करे व surprise/ Ambush चेक करे और संरक्षा अभियान की पूर्ण रिपोर्ट दिये प्रोफॉर्मा में मण्डल कार्यालय या CLI Whatsapp ग्रुप में 22.09.2024 को भेजे।

आत्मजीत 9/9/2024

**वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/परिचालन/दिल्ली**

**प्रतिलिपि: कृपया जानकारी हेतु**

- PS to DRM for kind information of DRM please.
- CEE/OP/NR, CRSE/Fr./NR, NDBH
- ADRM/OP
- Sr. DSO/DLI
- DEE/RSO/DLI & ADEE/RSO/DLI
- Principal ETC/GZB, Principal DTC/TKD, Principal RSTC/SSB
- CLI/BTC/TKD, CTC/NDLS Control

| RSO SD 29/2024 (Annexure) | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | No. of Staff Counseled | LP | |
| | | LPS | |
| | | ALP | |
| 2. | No. of Surprise/ambush check | | |
| 3. | Details of abnormalities | | |
| 4. | Action Taken | | |